# TEST-02

Q1. निम्नलिखित में से कौन सा अमृत का पर्यायवाची नहीं है -
**(A)** सुधा **(B)** पीयूष
**(C)** अनल **(D)** अमी

Q2. निम्नलिखित में से कौन सा आरम्भ का पर्यायवाची नहीं है -
**(A)** उपक्रम **(B)** सूत्रपात
**(C)** श्रीगणेश **(D)** अर्वाचीन

Q3. निम्न में से कौन सा उदास का पर्यायवाची शब्द नहीं है -
**(A)** खिन्न **(B)** म्लान
**(C)** अवसन्न **(D)** विरक्त

Q4. निम्नलिखित में से कौन सा एक गंगा का पर्यायवाची शब्द है -
**(A)** पयस्विनी **(B)** सुरधुनी
**(C)** तरणि **(D)** तरंगवती

Q5. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द दूध का पर्यायवाची है -
**(A)** क्षीर **(B)** नीर
**(C)** हवि **(D)** सुरभि

Q6. निम्नलिखित में से कौन सा प्रेम का पर्यायवाची शब्द है -
**(A)** अनुताप **(B)** रज
**(C)** राग **(D)** पुनीत

Q7. पर्यायवाची शब्द की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा एक बाकी से भिन्न है -
**(A)** भगिनी **(B)** बांधवी
**(C)** अग्रजा **(D)** बिंदु

Q8. पर्यायवाची की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा एक बाकी से भिन्न है -
**(A)** सुमन **(B)** किसलय
**(C)** प्रसून **(D)** पुहुप

Q9. पर्यायवाची की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -
**(A)** तीर - शर
**(B)** बिजली - सायक
**(C)** भौंरा - चंचरीक
**(D)** प्रकृति - स्वभाव

Q10. पयार्यवाची की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -
**(A)** राजा - महीपति
**(B)** रात्रि - तमिस्रा
**(C)** यमुना - रविसुता
**(D)** मूर्ख - याचक

Q11. दिये गए विकल्पों में कौन सा तत्सम शब्द नही है?
**(A)** अर्पण **(B)** अंक
**(C)** आँसू **(D)** आशा

Q12. दिए गए विकल्प में तद्भव शब्द की पहचान कीजिये?
**(A)** आप **(B)** इक्षु
**(C)** उलूक **(D)** उच्च

Q13. निम्नलिखित तद्भव तत्सम शब्द में सही सुमेलित है-
**(A)** ओला - ओलस्य
**(B)** काज - कृत
**(C)** खाना - खादन
**(D)** खरीदना - क्रय

Q14. दिये गए तद्भव तत्सम शब्द में सही सुमेलित नही है-
**(A)** चकवा- चक्र
**(B)** चरित- चरित्र
**(C)** छाता - छत्रक
**(D)** छोटा - क्षुद्र

Q15. "धुन" शब्द का तत्सम शब्द होगा-
**(A)** धूनी **(B)** ध्वनि
**(C)** धुनस्य **(D)** धूणी

Q16. निम्नलिखित युग्मो में सही सुमेलित है-
**(A)** बरात- बारात
**(B)** बीघा - विग्रह
**(C)** बत्ती - बत्तिका
**(D)** बीत - व्यति

Q17. दिए गए शब्दों में तत्सम शब्द की पहचान कीजिये-
**(A)** बाग **(B)** बादल
**(C)** बनिया **(D)** वापी

Q18. दिए गए विकल्प में तद्भव शब्द की पहचान कीजिये-
**(A)** पवन **(B)** पाप
**(C)** पक्ष **(D)** नकुल

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-02

Q19. दिए गए युग्म में सही सुमेलित है-( तद्भव- तत्सम)
**(A)** बौना- बोपन
**(B)** भभूत - भरभूत
**(C)** मेह - स्नेह
**(D)** सयाना - सज्ञान

Q20. "सजाना" शब्द का तत्सम शब्द होगा-
**(A)** सज्जापन **(B)** श्रृंगार
**(C)** सजावट **(D)** साज सज्जा

Q21. निम्नलिखित में से 'ओतप्रोत' शब्द का विलोम शब्द है –
**(A)** विहीन **(B)** अनीश
**(C)** प्रगामी **(D)** संयुत

Q22. शब्द और उनके विलोम के सन्दर्भ में कौन सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** गृहीत - व्यक्त
**(B)** गुरुत्व - लघुत्व
**(C)** आकीर्ण - साकीर्ण
**(D)** क्रोध - क्षमा

Q23. शब्द और उनके विलोम शब्द के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** अर्जित - उपलब्ध
**(B)** अदोष - सदोष
**(C)** अवेक्षा - अनवेक्षा
**(D)** आलोक - तिमिर

Q24. 'निषिद्ध' का विलोम है –
**(A)** विहित **(B)** विनीत
**(C)** विधि **(D)** सर्वज्ञ

Q25. शब्द एवं उनके विलोम के सन्दर्भ में कौन सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** प्रसारण - विसरण
**(B)** उन्मीलन - निमीलन
**(C)** अकारादि - अकारांत
**(D)** कुसुम - पाहन

Q26. शब्द एवं उनके विलोम शब्द के सन्दर्भ में कौन सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** अठाना - पुगाना
**(B)** प्रस्फुटन - संकुचन
**(C)** विश्लेषण - संश्लेषण
**(D)** ईप्सित - अभिप्सित

Q27. निम्नलिखित में से 'उपमान' का विलोम है –
**(A)** उपमेय **(B)** समान
**(C)** अपमान **(D)** उनमान

Q28. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है?
**(A)** अतिवृष्टि – अनावृष्टि
**(B)** ग्राह्य – त्याज्य
**(C)** स्वार्थ – हितार्थ
**(D)** अनुग्रह – विग्रह

Q29. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है?
**(A)** निर्मल – मलिन
**(B)** चिरन्तन – नश्वर
**(C)** स्थूल – सूक्ष्म
**(D)** मसृण – दृढ

Q30. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
**(A)** छली – निश्छल
**(B)** भोगी - योगी
**(C)** जागृति – शयन
**(D)** निष्काम – सकाम

Q31. 'जो सब में व्याप्त हो' के लिए एक शब्द है?
**(A)** विभु **(B)** विज्ञ
**(C)** वर्धमान **(D)** वाचाल

Q32. 'जो आंखों के आगे उपस्थित हो' उसके लिए सही शब्द है?
**(A)** अपारदर्शी **(B)** परोक्ष
**(C)** प्रियदर्शी **(D)** प्रत्यक्ष

Q33. 'लाभ की इच्छा रखने वाले' के लिए एक शब्द है?
**(A)** लाभार्थी **(B)** लिप्सा
**(C)** लाभदायक **(D)** लाभी

Q34. 'ऊपर आने वाली श्वास' के लिए एक शब्द है?
**(A)** उच्छवास **(B)** उर्ध्वगामी
**(C)** उपर्युक्त **(D)** अर्थगर्भित

Q35. "जहां किसी बात का डर ना हो" के लिए एक शब्द है?
**(A)** परमहंस **(B)** निरापद
**(C)** निस्पृह **(D)** दुर्जेय

Q36. 'जिसका दमन करना कठिन हो' के लिए एक शब्द है?
**(A)** दत्तचित्त **(B)** दुष्कर
**(C)** दुर्दम्य **(D)** दुर्निवार

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q37. 'क्रोध करने वाली स्त्री' के लिए एक शब्द है?
(A) भामिनी (B) मुमुर्ष
(C) मर्माहत (D) मृणाल

Q38. 'जो मुकदमा दायर करें' उसे कहते हैं?
(A) अभियुक्त (B) प्रतिवादी
(C) परिमार्जित (D) वादी

Q39. 'जो उपयुक्त हो' उसके लिए एक शब्द है?
(A) कालांतर (B) प्राचीन
(C) सनातन (D) समीचीन

Q40. 'तारों भरी रात' के लिए एक शब्द है?
(A) शर्वरी (B) विभावरी
(C) निशीथ (D) निरुपम

Q41. 'उत्कर्ष ने आधा लीटर दूध पी लिया।' उक्त वाक्य में कौन सा विशेषण है ?
(A) सार्वनामिक (B) गुणवाचक
(C) परिमाण वाचक (D) उपर्युक्त सभी
**Ans: C**

Q42. ' सुषमा अति सुंदर लड़की है।' निम्न वाक्य में प्रविशेषण है?
(A) सुषमा (B) अति
(C) सुंदर (D) लड़की

Q43. निम्न में कौन विशेषण शब्द नहीं है ?
(A) आर्थिक (B) जातीय
(C) मौखिक (D) चमक

Q44. 'इस गाँव में चालीस आदमी रहते हैं।' उक्त वाक्य में कौन सा विशेषण है ?
(A) संख्यावाचक (B) परिणामवाचक
(C) गुणवाचक (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q45. सुमेलित नहीं है:-

| | **विशेष्य** | **विशेषण** |
|---|---|---|
| (A) | उपज | उपजाऊ |
| (B) | कमाई | कमाऊ |
| (C) | घर | घरेलू |
| (D) | नियमित | नियम |

Q46. निम्न में कौन सा शब्द विशेषण है ?
(A) यौवन (B) सौन्दर्य
(C) कालिमा (D) रंगीला

Q47. निम्न में कौन सा शब्द विशेषण नहीं है ?
(A) तपस्वी (B) मृत
(C) बुढ़ापा (D) लम्बा

Q48. निम्न ने किसमें आवृत्ति बोधक विशेषण है ?
(A) चीनी कम (B) दोनों चाचा
(C) चौगुना गेहूँ (D) आठ चोर

Q49. 'बाहरी' में कौन विशेषण है?
(A) गुणवाचक (B) संख्यावाचक
(C) परिमाणवाचक (D) सार्वनामिक

Q50. 'मोनी अत्यधिक तेज छात्रा है।' निम्न वाक्य में प्रविशेषण कौन है ?
(A) मोनी (B) अत्यधिक
(C) तेज (D) छात्रा

Q51. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी कौनसी है?
(A) अक्षुण्य (B) आंख
(C) अध्यात्म (D) अनुग्रहीत

Q52. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी कौनसी है?
(A) अन्तर्ध्यान (B) अनाधिकृत
(C) अतिथी (D) अंधा

Q53. निम्नलिखित में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(A) पक्षीगण (B) प्रेमचन्द
(C) दैदीप्यमान (D) दुरवस्था

Q54. निम्नलिखित में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(A) अन्तर्राष्ट्रीय (B) आध्यात्म
(C) अग्रगण्य (D) अभिशप्त

Q55. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(A) आर्शीवाद (B) अनुगृह
(C) अनुवादित (D) अभयारण्य

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q56. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –
**(A)** चालक ने पूछा कि यह सड़क कहाँ जाती है?
**(B)** पानी तेल से भारी है।
**(C)** तेज तूफान के बावजूद जहाज समुद्र पार कर ही गया।
**(D)** वह ग्रंथ विद्क्तापूर्ण लिखा है।

Q57. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य अशुद्ध है?
**(A)** उस पर भगवान की कृपा है।
**(B)** दस रुपये में क्या मिलता है?
**(C)** प्रधानमंत्री जी विदेश यात्रा पर गये।
**(D)** पाकिस्तान ने भारत पर आतंकी हमला करवा कर निकृष्ट काम किया।

Q58. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?
**(A)** केवल दस रुपये मात्र दे दीजिये।
**(B)** मेरे घर के पास एक हलवाई की दुकान है।
**(C)** चयन प्रक्रिया में दिव्यांगो को आरक्षण दिया जाता है।
**(D)** इतने में हल्की-सी हवा का झोंका आया।

Q59. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –
**(A)** सेना के मोर्चा संभालते ही गोलियाँ की बाढ़ आ गयी।
**(B)** सर टॉमस रो ने जहाँगीर को उपहार दिया।
**(C)** लालबहादुर शास्त्री जी ख्याति प्राप्त नेता थे।
**(D)** 'भारतीय नारी' शीर्षक निबंध अच्छा है।

Q60. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –
**(A)** मोहन कल सारी रातभर जागता रहा।
**(B)** हाथी दीर्घ काय पशु है।
**(C)** अल्पायु में भी समग्र ज्ञानी है।
**(D)** पीडा होते हुए भी महावीर ने बहुत धैर्य रखा।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-02

## व्याख्यात्मक हल

**1. Ans: C**

**Solution:** उपर्युक्त में से सुधा, पीयूष तथा अमी अमृत के पर्यायवाची हैं जबकि अनल अमृत का नहीं बल्कि आग का पर्यायवाची शब्द है।

**2. Ans: D**

**Solution:** उपर्युक्त में से उपक्रम, सूत्रपात तथा श्रीगणेश शब्द आरम्भ के पर्यायवाची हैं जबकि अर्वाचीन आरंभ का नहीं बल्कि आधुनिक का पर्यायवाची शब्द है।

**3. Ans: D**

**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में से खिन्न, म्लान एवं अवसन्न शब्द उदास के पर्यायवाची हैं जबकि विरक्त शब्द उदास का नहीं बल्कि उदासीन का पर्यायवाची है।

**4. Ans: B**

**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में से सुरधुनी गंगा का पर्यायवाची शब्द है जबकि पयस्विनी, तरणि और तरंगवती शब्द नदी के पर्यायवाची हैं।

**5. Ans: A**

**Solution:** उपर्युक्त में से क्षीर शब्द दूध का पर्यायवाची है जबकि नीर जल का, हवि घी का तथा सुरभि गाय का पर्यायवाची है।

**6. Ans: C**

**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में से राग शब्द प्रेम का पर्यायवाची है जबकि अनुताप पछतावा का, रज पराग का एवं पुनीत पवित्र का पर्यायवाची है।

**7. Ans: D**

**Solution:** उपर्युक्त में से भगिनी, बाँधवी एवं अग्रजा शब्द बहन के पर्यायवाची हैं जबकि बिंदु का अर्थ बूंद या जलकण होता है।

**8. Ans: B**

**Solution:** उपर्युक्त में से सुमन, प्रसून एवं पुहुप शब्द फूल के पर्यायवाची हैं जबकि किसलय का अर्थ अंकुर या कोंपल होता है।

**9. Ans: B**

**Solution:** सायक का अर्थ बिजली नहीं बल्कि बाण होता है इसलिए यह बाण अथवा तीर का पर्यायवाची है। उपर्युक्त अन्य युग्म सुमेलित हैं।

**10. Ans: D**

**Solution:** याचक का अर्थ भिखारी अथवा भिक्षुक होता है जबकि मूर्ख के पर्यायवाची शब्द - अज्ञानी, गँवार, मूढ़ इत्यादि हैं। उपर्युक्त अन्य युग्म सुमेलित हैं।

**11. Ans: C**

**Solution:**

आँसू तद्भव शब्द है।

इसका तत्सम शब्द "अश्रु "होता है।

**विकल्प में दिए अन्य शब्द तत्सम हैं,**

**इनके तद्भव शब्द होंगे**

अर्पण- अरपन

अंक- आँक

आशा- आस

**12. Ans: A**

**Solution:**

- उपर्युक्त दिये गए शब्दो मे "आप" तद्भव शब्द है।
- इसका तत्सम शब्द" आत्मा" होता है।
- विकल्प में दिए गए अन्य शब्द तत्सम हैं।

**इनके तद्भव शब्द होंगे-**

इक्षु- ईख

उलूक- उल्लू

उच्च- ऊँचा

**13. Ans: C**

**Solution:**

खाना का तद्भव शब्द खादन होता है।

**अन्य का सही सुमेल होगा-**

ओला- उपल

काज - कार्य

खरीदना - क्रयण

**14. Ans: A**

**Solution:**

चकवा शब्द का तत्सम चक्रवाक होता है।

अन्य सभी सही सुमेलित है।

**15. Ans: B**

**Solution:** धुन शब्द का तत्सम ध्वनि होगा।

**16. Ans: B**

**Solution:** बीघा शब्द का तत्सम विग्रह होता है।

अन्य का सही सुमेल है-

बरात - वर यात्रा

बत्ती - वर्ति, वर्तिका

बीत- व्यतीत

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**17. Ans: D**

**Solution:** वापी तत्सम शब्द है , इसका तत्सम बावड़ी होता है।

**अन्य शब्दो के तत्सम होंगे-**

बाग- वाटिका, वल्गा

बादल- वारिद

बनिया- वणिक

**18. Ans: B**

**Solution:** दिये गए विकल्प में पाप तद्भव शब्द है।

इसका तत्सम शब्द" पातक" होता है।

**अन्य शब्द तत्सम हैं, इनके तत्सम होंगे-**

पवन- का तद्भव - पौन

पक्ष का तद्भव - पाख

नकुल का तद्भव - नेवला

**19. Ans: D**

**Solution:** सयाना शब्द का तत्सम -सज्ञान होता है।

**अन्य का सही सुमेल होगा-**

बौना -वामन

भभूत- विभूति

मेह - मेघ

**20. Ans: A**

**Solution:** सजाना शब्द का तत्सम - सज्जापन होता है

**21. Ans: A**

**Solution:** ओतप्रोत का विलोम शब्द विहीन है। अनीश शब्द ईश का विलोम है एवं संयुत शब्द च्युत शब्द का विलोम है।

**22. Ans: C**

**Solution:** गृहीत शब्द का विलोम व्यक्त है, गुरुत्व शब्द का विलोम लघुत्व है। आकीर्ण शब्द का विलोम साकीर्ण नहीं बल्कि विकीर्ण होता है। क्रोध शब्द का विलोम क्षमा होता है।

**23. Ans: A**

**Solution:** अर्जित शब्द का विलोम अनर्जित होता है, अदोष का विलोम सदोष, अवेक्षा का विलोम अनवेक्षा एवं आलोक का विलोम तमस या तिमिर होता है।

**24. Ans: A**

**Solution:** 'निषिद्ध' का विलोम 'विहित' होता है। धृष्ट का विलोम विनीत होता है, निषेध का विलोम विधि होता है तथा सर्वज्ञ का विलोम अज्ञानी / अज्ञ होता है।

**25. Ans: A**

**Solution:** प्रसारण का विलोम संकुचन होता है। उन्मीलन का विलोम निमीलन, अकारादि का विलोम अकारांत एवं कुसुम का विलोम पाहन होता है।

**26. Ans: D**

**Solution:** ईप्सित का विलोम शब्द अनीप्सित होता है। अठाना का विलोम पुगाना, प्रस्फुटन का विलोम संकुचन एवं विश्लेषण का विलोम संश्लेषण होता है।

**27. Ans: A**

**Solution:** उपमान का विलोम उपमेय होता है।

**28. Ans: C**

**Solution:** विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –

अतिवृष्टि – अनावृष्टि

ग्राह्य – त्याज्य

स्वार्थ – परमार्थ

अनुग्रह – विग्रह

**29. Ans: D**

**Solution:** विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –

निर्मल – मलिन

चिरन्तन – नश्वर

स्थूल – सूक्ष्म

मसृण – रूक्ष

**30. Ans: C**

**Solution:** विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –

छली – निश्छल

भोगी - योगी

जागृति – सुषुप्ति

निष्काम – सकाम

**31. Ans: A**

**Solution:**

●विभु- जो सब में व्याप्त हो।

●विज्ञ- जिसकी जानकारी अधिक हो।

●वर्धमान- जो बढ़ रहा हो।

●वाचाल- अधिक बोलने वाला व्यक्ति।

**32. Ans: D**

**Solution:**

●प्रत्यक्ष-जो आंखों के आगे उपस्थित हो।

●परोक्ष- वह जो आंखों से परे है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

● अपारदर्शी -जिसके पार ना देखा जा सके।

●प्रियदर्शी -जो देखने में प्रिय हो।

**33. Ans: B**

**Solution:**

●लाभ की इच्छा रखने वाले के लिए एक शब्द है -लिप्सा।

●लाभार्थी -लाभ को पाने वाला

लाभदायक- कोई वस्तु जब फायदेमंद हो।

**34. Ans: A**

**Solution:**

●ऊपर आने वाली श्वास' के लिए एक शब्द-उच्छवास

●उर्ध्वगामी- ऊपर की ओर जाने वाला।

● उपर्युक्त-ऊपर तक हुआ

● अर्थगर्भित- जिसके अंदर अर्थ भरा हो।

**35. Ans: B**

**Solution:**

●परमहंस- जो सुख-दुख से परे हो।

●निरापद- जहां किसी बात का डर ना हो।

●निस्पृह- जिसको किसी प्रकार का लोभ ना हो।

●दुर्जेय- जिस पर विजय पाना कठिन हो।

**36. Ans: C**

**Solution:**

●दुर्निवार- जिसका निवारण करना कठिन हो।

●दुष्कर- जिसे करना कठिन हो।

●दत्तचित्त-किसी काम को पूर्ण लगन से करना।

**37. Ans: A**

**Solution:**

●भामिनी- क्रोध करने वाली स्त्री।

● मुमुर्ष- मरने की इच्छा करने वाला।

●मर्माहत- जिसके हृदय को चोट पहुंची हो।

● मृणाल-कमल की डंडी।

**38. Ans: D**

**Solution:**

●अभियुक्त- जिस पर मुकदमा चलाया गया।

●प्रतिवादी - जो मुकदमे का प्रतिवाद या बचाव करें।

●परिमार्जित- जो शुद्ध किया जा चुका हो।

●वादी- जो मुकदमा दायर करें।

**39. Ans: D**

**Solution:**

●समीचीन- जो उपयुक्त हो।

●कालांतर -बीता हुआ समय।

●सनातन- अनेक युगों से चले आने वाला।

●प्राचीन- पुराना

**40. Ans: B**

**Solution:**

●विभावरी- तारों भरी रात।

●शर्वरी- चांदनी रात

●निशीथ- रात्रि के मध्य भाग का समय।

●निरुपम- जिसकी उपमा ना दी जा सके

**41. Ans: C**

**42. Ans: B**

**Solution:** सुषमा अति सुंदर लड़की है,इस वाक्य में 'सुंदर' विशेषण है और 'अति' उसकी विशेषता बता रहा,इसलिए 'अति' प्रविशेषण है।

**43. Ans: D**

**Solution:** 'चमक' संज्ञा शब्द है, 'चमक' का विशेषण 'चमकीला' होता है।मौखिक, जातीय एवं आर्थिक, विशेषण शब्द हैं।

**44. Ans: A**

**Solution:** इस गांव में चालीस आदमी हैं,उक्त वाक्य में 'चालीस' संख्यावाचक विशेषण है।

**45. Ans: D**

**Solution:** 'नियम' विशेष्य शब्द है और 'नियमित' उसका विशेषण है।

**46. Ans: D**

**Solution:** 'रंगीला' विशेषण शब्द है,शेष तीनों संज्ञा हैं।

**47. Ans: C**

**Solution:** जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण,दशा,भाव,अवस्था,स्वभाव आदि का बोध होता है,उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।बुढ़ापा में भाववाचक संज्ञा है। शेष तीनों शब्द विशेषण हैं।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**48. Ans: C**

**Solution:** विकल्प C सही है।चौगुना आवृत्ति वाचक विशेषण हैं। आवृत्ति वाचक विशेषण एक वस्तु का दूसरी वस्तु से आधिक्य का अनुपात बताता है।

**49. Ans: A**

**Solution:** जिन विशेषणों से पदार्थ के गुण ,रंग,आकार,अवस्था, दशा इत्यादि का बोध होता है,उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं। बाहरी गुणवाचक विशेषण है।

**50. Ans: B**

**Solution:** जो शब्द विशेषण की विशेषता बताये वो प्रविषेषण कहलाते हैं। उक्त वाक्य में तेज विशेषण है और अत्यधिक 'तेज' का विशेषण होने के कारण प्रविशेषण है।

**51. Ans: C**

**Solution:** उपर्युक्त शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्नलिखित है –

| **अशुद्ध वर्तनी** | **शुद्ध वर्तनी** |
|---|---|
| अक्षुण्य | अक्षुण्ण |
| आंख | आँख |
| आध्यात्म | अध्यात्म |
| अनुग्रहीत | अनुगृहीत |

अतः प्रश्न में शुद्ध वर्तनी 'अध्यात्म' है।

**52. Ans: D**

**Solution:** उपर्युक्त शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्नलिखित है –

| **अशुद्ध वर्तनी** | **शुद्ध वर्तनी** |
|---|---|
| अन्तर्ध्यान | अन्तर्धान |
| अनाधिकृत | अनधिकृत |
| अतिथी | अतिथि |
| अँधा | अंधा |

अतः प्रश्न में शुद्ध वर्तनी 'अंधा' है।

**53. Ans: A**

**Solution:** 'पक्षीगण' अशुद्ध वर्तनी है, इसकी शुद्ध वर्तनी 'पक्षिगण' है। अन्य सभी प्रेमचन्द, दैदीप्यमान एवं दुरवस्था शुद्ध वर्तनी हैं।

**54. Ans: B**

**Solution:** 'आध्यात्म' अशुद्ध वर्तनी है, इसकी शुद्ध वर्तनी 'अध्यात्म' है। अन्य सभी अन्तर्राष्ट्रीय, अग्रगण्य एवं अभिशप्त शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**55. Ans: D**

**Solution:** 'अभयारण्य' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है जबकि आर्शीवाद की शुद्ध वर्तनी 'आशीर्वाद', अनुगृह की शुद्ध वर्तनी 'अनुग्रह' एवं अनुवादित की शुद्ध वर्तनी 'अनूदित' होती है।

**56. Ans: C**

**Solution:** वाक्य C शुद्ध है, अन्य वाक्यों में क्रिया संबंधी अशुद्धियां हैं जिनके शुद्ध रूप निम्नलिखित होंगे –

- शुद्ध वाक्य – चालक ने पूछा कि इस सडक से कहाँ पहुँचा जा सकता है?
- शुद्ध वाक्य – पानी का घनत्व तेल से अधिक है।
- शुद्ध वाक्य – वह ग्रंथ विद्वतापूर्ण है।

**57. Ans: D**

**Solution:** उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध वाक्य – 'पाकिस्तान ने भारत पर आतंकी हमला करवा कर भारी भूल की।' है।

**58. Ans: C**

**Solution:** उपर्युक्त वाक्यों के शुद्ध वाक्य निम्नलिखित हैं –

- दस रुपये मात्र दे दीजिए।
- मेरे घर के पास हलवाई की एक दुकान है।
- इतने में हवा का हल्का झोंका आया।

**59. Ans: A**

**Solution:** उपरोक्त वाक्य में संज्ञा संबंधी अशुद्धि है इसका शुद्ध वाक्य होगा- 'सेना के मोर्चा संभालते ही गोलियों की बौछार आ गई।' अन्य सभी विकल्प शुद्ध वाक्य है।

**60. Ans: D**

**Solution:** वाक्य D सही है। अन्य विकल्पों में विशेषण संबंधी अशुद्धियां हैं जिनके शुद्ध रूप होंगे –

- शुद्ध वाक्य: मोहन कल रातभर जागता रहा।
- शुद्ध वाक्य: हाथी एक विशालकाय पशु है।
- शुद्ध वाक्य: अल्पायु में भी वह पूर्ण ज्ञानी है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें**

हमें FOLLOW करें

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

# GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

**यहाँ पर आपको मिलेगा**

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

